अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से

1 नवंबर, 2023

प्रिय साथियो,

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि दिनांक 03 और दिनांक 04 अक्टूबर, 2023 की मध्यरात्रि को, तीस्ता बेसिन में स्थित हमारी पावर स्टेशन/परियोजनाएं दुर्भाग्यवश उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के तीव्र जल आवेग के कारण आई अप्रत्याशित बाढ़ की चपेट में आ गईं। ऐसे में, हमारे 510 मेगावाट का तीस्ता-V पावर स्टेशन और 500 मेगावाट की तीस्ता VI जलविद्युत परियोजना प्रकृति के इस प्रलयंकारी विनाश से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इसके अलावा, बाढ़ के कारण टीएलडीपी-III और टीएलडीपी-IV पावर स्टेशनों में भी भारी क्षति हुई, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ी। हालाँकि, यह खुशी की बात है कि हमने एक टीम के रूप में जलप्रलय के बाद अपनी परियोजनाओं और पावर स्टेशनों को पुन: चालू करने की कठिन चुनौती को स्वीकार करके अत्यंत साहस, प्रतिबद्धता और कार्य दक्षता दिखाई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि टीएलडीपी-IV को पहले ही चालू कर दिया गया है और टीएलडीपी-III को शीघ्र ही पुन: चालू किए जाने की संभावना है।

सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग ने दिनांक 09 अक्टूबर, 2023 को तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के बांध स्थल का दौरा किया और इस संकट की घड़ी में एनएचपीसी द्वारा किए गए बाढ़ राहत संबंधी प्रयासों की सराहना की।

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट कंपनी के रूप में, हम इस दुखद क्षण में सिक्किम के लोगों के साथ सक्रियता से खड़े हैं। इस विनाशकारी बाढ़ के पीड़ितों के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले राहत उपायों के लिए एनएचपीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 3 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री को गंगटोक में दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 को भुगतान राशि का चेक सौंपा गया। इसके अलावा, बाढ़ पीड़ितों के दु:ख को कम करने के लिए, एनएचपीसी राज्य प्रशासन के साथ समन्वय में लंगर, राशन और अन्य आपूर्ति वितरित कर रही है।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस माह के दौरान 800 मेगावाट की पार्बती- II जलविद्युत परियोजना की 31.5 कि.मी. लंबी हेड रेस टनल की डे-लाइटिंग हासिल की गई है। कई भूवैज्ञानिक बाधाओं का सामना करने के बावजूद इस बहुप्रतीक्षित उपलब्धि हासिल करने के लिए पार्बती-II जलविद्युत परियोजना की टीम को उनके दृढ़ संकल्प के लिए बधाई देता हूं।

सीओडी से 40 वर्ष की अवधि के लिए 330 मेगावाट किशनगंगा (पीपीए नवीनीकरण), 1000 मेगावाट पकल दुल, 540 मेगावाट क्वार और 850 मेगावाट रतले जलविद्युत परियोजना से उत्पदित विद्युत की खरीद के लिए जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेकेपीसीएल) के साथ 14 अक्टूबर, 2023 को विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

श्रीमती वत्सला वासुदेवा, आईएएस व एमडी, जीआईपीसीएल की उपस्थिति में गुजरात में आरई परियोजनाएं स्थापित करने के लिए एनएचपीसी और गुजरात इंडस्ट्रीज एंड पावर कंपनी लिमिटेड के बीच दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को वडोदरा में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

अक्टूबर, 2023 के दौरान एनएचपीसी का राजस्व संग्रह 890.02 करोड़ रुपये रहा। अक्टूबर 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 18113.1 मिलियन यूनिट था।

इस माह की अन्य प्रमुख विशेषताएं हैं:

- एनएचपीसी को नई दिल्ली में "पीएसयू एंड गवर्नमेंट समिट" के 15वें संस्करण के दौरान डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू अवाड्र्स '23 के पावर जनरेशन- रिन्यूएबल्स (सीपीएसयू) श्रेणी में 'विजेता' के रूप में सम्मानित किया गया।
- राजभाषा संबंधी संसदीय समिति द्वारा दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को धर्मशाला में चमेरा-I पावर स्टेशन, पार्बती-II परियोजना और क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के राजभाषा संबंधी कार्यों की निरीक्षण बैठक की गयी।
- पार्बती-II जलविद्युत परियोजना द्वारा सीएसआर के अंतर्गत कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) जिले के 13 सरकारी स्कूलों में 5 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए हिमऊर्जा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023, एनएचपीसी के विभिन्न परियोजनाओं/पावर स्टेशनों/कार्यालयों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 1 अक्टूबर, 2023 को स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ फरीदाबाद में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया।
- सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को निगम मुख्यालय और विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं एवं यूनिटों में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' और फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन किया गया।
- डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) यूथ कंटेंडर एएल एआईएन 2023, यूएई (4 से 7 अक्टूबर 2023) में एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलर्स, मास्टर अथर्व ने 2 स्वर्ण पदक (अंडर 15 बॉयज सिंगल्स और अंडर 15 मिक्स्ड डबल्स) और मिस रिद्धिमा ने 2 कांस्य पदक (अंडर 17 गर्ल्स सिंगल्स और अंडर 19 मिक्स्ड डबल्स) जीते।

हम 7 नवंबर, 2023 को अपना 49 वां स्थापना दिवस मनाने की तैयारी कर रहे हैं, आइए हम सभी एनएचपीसी की सेवा करने के लिए और अधिक जुनून और समर्पण के साथ प्रतिबद्धता का संकल्प लें। मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को दिपावली के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं देता हूं।

आपका,

(आर.के. विश्नोई)

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक